ई-मेल

पत्र सं०-1प/स्था०-07-37/2025/8505/पं०रा०

**बिहार सरकार**
**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**गोविन्द चौधरी,**
उप सचिव।

सेवा में,

**उप सचिव-सह-प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी,**
**पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना।**

पटना, दिनांक-08/7/2025

**विषय:- दिनांक-10.07.2025 को विभागीय कार्यवाही से संबंधित प्रस्तुतीकरण/उपस्थापन पदाधिकारियों की बैठक के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक-26.06.2025 को महानिदेशक-सह-मुख्य जाँच आयुक्त, मुख्य जाँच आयुक्त का निदेशालय, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आहूत बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में विभाग स्तर पर संचालित विभागीय कार्यवाहियों की स्थिति तथा उससे संबंधित बिन्दुओं के अनुश्रवण हेतु विभागीय नोडल पदाधिकारी-सह-अपर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक-10.07.2025 को अपराह्न 03:00 बजे V.C के माध्यम से सभी प्रस्तुतीकरण/उपस्थापन पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गयी है।

विदित हो कि विभागीय कार्यालय आदेश संख्या-374-सह-पठित ज्ञापांक-7586 दिनांक-16.08.2024 के द्वारा श्री नौशाद अहमद खाँ, तत्कालीन प्रभारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-17 के तहत श्रीमती प्रीति तोंगरिया, तत्कालीन अपर सचिव सम्प्रति विशेष सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं आपको प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित करते हुए विभागीय कार्यवाही का संचालन कर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, जो सम्प्रति अप्राप्त है।

अतएव अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक (V.C) में उपरोक्त मामले से संबंधित अद्यतन स्थिति/प्रतिवेदन के साथ ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
**(गोविन्द चौधरी)**
उप सचिव

ज्ञापांक:-1प/स्था०-07-37/2025/8505/पं०रा०, पटना, दिनांक 08/7/2025

प्रतिलिपि:- श्रीमती प्रीति तोंगरिया, तत्कालीन अपर सचिव सम्प्रति विशेष सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(गोविन्द चौधरी)**
उप सचिव

ज्ञापांक:-1प/स्था०-07-37/2025/8505/पं०रा०, पटना, दिनांक 08/7/2025

प्रतिलिपि:-उप सचिव, मुख्य जाँच आयुक्त का निदेशालय, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**(गोविन्द चौधरी)**
उप सचिव

P.T.O

D:\Ashish Ji Aso-1\Letter.docx333

ज्ञापांकः—1प/स्था०—07—37/2025/8505/पं०रा०, पटना, दिनांक 08/7/2025
प्रतिलिपिः— श्री नजर हुसैन, अपर सचिव—सह—विभागीय नोडल पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः—1प/स्था०—07—37/2025/8505/पं०रा०, पटना, दिनांक 08/7/2025
प्रतिलिपिः—आई०टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

akila

D:\Ashish Ji Aso-1\Letter.docx334